**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 6069**

**उत्तर देने की तारीख 01 अप्रैल, 2026**

**ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी**

**6069. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और डिजिटल कनेक्टिविटी के वर्तमान स्तर का जिला-वार ग्राहक आधार, ब्रॉडबैंड घनत्व, मोबाइल और फाइबर कवरेज और डेटा खपत संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में ग्रामीण इंटरनेट और ब्रॉडबैंड ग्राहकों की वर्ष-वार वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान नेल्लूर जिले सहित आंध्र प्रदेश में ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए आवंटित, स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का जिला-वार ब्यौरा क्या है,

(घ) देश में, विशेषकर आंध्र प्रदेश में सार्वभौमिक ग्रामीण कनेक्टिविटी की दिशा में प्रगति का आकलन करने के लिए सरकार द्वारा उपयोग किए जाने वाले संकेतकों और मानकों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने देश के गांवों में कनेक्टिविटी के लिए प्रमुख ग्रामीण अवसंरचना को चिह्नित किया है और उन्हें प्राथमिकता दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

क) दिनांक 31.12.2025 तक, आंध्र प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 24.12 मिलियन है। ग्रामीण ब्रॉडबैंड घनत्व 54.39% है। आंध्र प्रदेश के कुल 17,328 गांवों में से 16,944 गांव मोबाइल नेटवर्क से कवर किए गए हैं जबकि 12,817 गांवों में फाइबर टू द होम

(एफटीटीएच) कनेक्टिविटी उपलब्ध है। राज्य में कुल वायरलेस डेटा उपयोग 8,44,992 टेरा बाइट्स है। दूरसंचार सब्स्क्रिप्शन और डाटा खपत की जानकारी केवल लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए)/राज्य-संघ राज्य क्षेत्र-वार ही रखी जाती है। राज्य में मोबाइल और एफटीटीएच गांव कवरेज का जिला-वार विवरण अनुबंध-I में संलग्न है।

ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में ग्रामीण इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सब्स्क्रिप्शन में वर्ष-वार वृद्धि का विवरण नीचे दिया गया है:

| ग्राहकों की गिनती मिलियन में और उनका विकास प्रतिशत में | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2023 तक | विकास % | 31.03.2024 तक | विकास % | 31.03.2025 तक | विकास % |
| इंटरनेट | 16.79 | 6.33 | 17.89 | 6.55 | 17.97 | 0.45 |
| ब्रॉडबैंड | 16.10 | 7.98 | 17.29 | 7.39 | 17.52 | 1.33 |

ग) सरकार ने नेल्लोर जिले सहित आंध्र प्रदेश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के तहत पिछले पांच वित्त वर्षों (2020-21 से 2024-25) के दौरान 2,404.08 करोड़ रुपये संवितरित किए हैं।

घ) सरकार मोबाइल कनेक्टिविटी, इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सब्स्क्रिप्शन डाटा और दूरसंचार-घनत्व जैसे विभिन्न पैरामीटरों के माध्यम से आंध्र प्रदेश सहित देश में सार्वभौमिक ग्रामीण कनेक्टिविटी की दिशा में हुई प्रगति का आकलन करती है।

ङ) सरकार ने डीबीएन से वित्त पोषण के साथ गांवों में दूरसंचार कनेक्टिविटी में सुधार के लिए अनेक प्रमुख ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाएं शुरू की हैं। इनमें भारतनेट के माध्यम से मोबाइल नेटवर्क और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से जनवरी 2026 तक 23,994 मोबाइल टावर चालू किए गए हैं और 2,14,921 ग्राम पंचायतों को सेवा प्रदान करने के लिए तैयार कर दिया गया है।

**अनुबंध-I**

**"ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी" के संबंध में 1 अप्रैल 2026 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 6069 के भाग (क) के उत्तर के संदर्भ में अनुबंध**

दिनांक 28.02.2026 तक आंध्र प्रदेश में मोबाइल और एफटीटीएच कवरेज वाले गांवों की जिला-वार संख्या:

| क्रम संख्या | जिला | गांवों की कुल संख्या | मोबाइल कवरेज वाले गांव | एफटीटीएच द्वारा कवर किए गए गांव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 3,295 | 3,016 | 977 |
| 2 | अनकापल्ली | 711 | 711 | 660 |
| 3 | अनंतपुर | 498 | 498 | 444 |
| 4 | अन्नामय्या | 462 | 459 | 298 |
| 5 | बापटला | 276 | 276 | 271 |
| 6 | चित्तूर | 794 | 791 | 499 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 268 | 268 | 262 |
| 8 | एलुरु | 678 | 662 | 596 |
| 9 | गुंटूर | 209 | 209 | 202 |
| 10 | काकीनाडा | 402 | 398 | 383 |
| 11 | कोनासीमा | 310 | 310 | 308 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | कृष्ण | 489 | 489 | 462 |
| 13 | कर्नूल | 448 | 448 | 400 |
| 14 | नंदयाल | 447 | 439 | 391 |
| 15 | एनटीआर | 298 | 298 | 290 |
| 16 | पलनाडु | 360 | 360 | 317 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्यम | 955 | 912 | 618 |
| 18 | प्रकाशम | 848 | 826 | 752 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 713 | 712 | 619 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 450 | 447 | 402 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 1,411 | 1,411 | 1,384 |
| 22 | तिरुपति | 1,007 | 1,006 | 612 |
| 23 | विशाखापट्टनम | 87 | 87 | 87 |
| 24 | विजयनगरम | 959 | 959 | 774 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 273 | 273 | 266 |
| 26 | वाईएसआर कडप्पा | 680 | 679 | 543 |
| | **आंध्र प्रदेश राज्य** | **17,328** | **16,944** | **12,817** |

*****